तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अजीत कुमार गोलेछा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353411588508979	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/07/25	अपीलार्थी अजीत कुमार गोलेछा निवासी समर्थ नगर जालम निवास पावटा बी रोड, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 12.06.2025 को खसरा नम्बर 632 शिकारगढ़ जोधपुर कृषि भूमि सरकार व खातेदार में विवाद गश्त है उपरोक्त भूमि की खरीद करने पर नाम दर्ज करने पर रोक लगी है व विधानसभा में भी इस मुद्दे के उठने के पश्चात नाम दर्ज पर रोक का पत्र विभाग के पास आया है। उक्त खसरा में नाम दर्ज पर आए आदेश/पत्र/सर्कुलर की प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को प्रेषित किया गया था, उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.25 16:35:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
16791073